# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** प्रेस नोटः-चित्रकूट पुलिस

78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा ध्वजारोहण किया गया

सराहनीय सेवा प्रदान करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया

आज दिनाँक 15.08.2024 को 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन चित्रकूट में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी एवं पीएसी बैण्ड की धुन पर राष्ट्रगान गाया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देकर सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम तिरंगे की नीचे इसलिये एकत्रित नहीं हुये हैं कि खुशियां मना लें, मिठाईयां खा लें और आज का काम समाप्त। बल्कि हम अपने इतिहास के बारे में जाने और इतिहास के पन्नों में इस दिन की इबारत लिखने के लिये क्या-क्या करना पड़ा, किन रास्तों से किन संघर्षों से गुजरना पड़ा, उसको याद करें और जिनकी कुर्बानियों के नाते आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं, आसमान की बुंलदियों तक अपना तिरंगा फहरा रहे हैं, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें। यह कृतज्ञता सिर्फ शब्दों की नहीं, आचरण की होनी चाहिये, बल्कि उस सोच की होनी चाहिये कि जिस प्रकार अमर सपूतों ने साकार कराया, हम भी उस बलिदान के लिये तैयार हैं। इस धरोहर को हम आगे तो बढ़ाऐगें ही साथ ही साथ इसके लिये जिस भी कुर्बानी की आवश्यकता होगी, हम तैयार हैं। अभी 09 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव की शुरुवात हुई, ये महोत्सव या शताब्दी वर्ष मनाने की पीछे हमारे शासन, सरकार, निती नियंताओं की मंशा यह है कि हम उन कुर्बानियों को समझें और इतिहास से सबक लेकर, आजाद हिन्दुस्तान को और बुलंदियों पर ले जायें।

आज इस अवस यहां खड़े हमारी पीढ़ी के सभी लोगों ने आजाद हिन्दुस्तान में जन्म लिया है, किन्तु हमारे से पहले की पीढ़ी ने गुलामी देखी थी और गुलामी के खिलाफ लड़ाई में शरीक रहे। इसी कारण आजादी की इतनी कीमत वे लोग समझते थे उतनी हमारी पीढ़ी नहीं। धीरे-धीरे पीढ़ी दर पीढ़ी सोच बदल रही है और कहीं न कहीं हम उस कीमत को कमतर आंक रहे हैं। आज के दिन से ज्यादा पवित्र, ज्यादा गौरवान्वित कुछ भी नहीं हैं और हमें अपने इतिहास पर गौरवांवित होना चाहिये। जिस धरती का इतिहास गौरवान्वित होता है, उसका भुगोल कभी खतरे में नहीं हो सकता। प्रथम स्वाधीनता आंदोलन के एक नायक कुंवर सिंह पर लिखे काव्य ग्रंथ में पण्डित चन्द्रशेखर मिश्र ने लिखा है **''शेष परान रहा जब ले किछ, लाली रही लोहुआ कतरे में। मइल न लागल बाप के पाग, न माई के दाग लगा अंचरे में।। काहे न भुईं गुमान करै, छिपलें अस लाल जहां कचरे में। झूमत व इतिहास जहां, वहां कईसे भुगोल रही खतरे में।।''**

आगे यह भी कहा कि यह भगवान राम का देश है, भगवान कृष्ण का देश है, गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी का देश है। अगर हम अपने प्लेटमाफार्म पर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये अपने विचारों एवं अपने चिंतन को अपने इतिहास से जोड़कर आगे बढ़ते रहे तो एक न एक दिन बृहत्तर भारत का नक्शा फिर से साकार हो जायेगा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिन पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के प्रशस्ति पत्र मेडल प्रदान किया जा रहा है सभी को शुभकामनाएं देकर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को प्रोत्साहित करते हुये कहा गया कि आप सभी भी इसी प्रकार से अच्छे कार्य करें जिससे अगली बार यह सूची दोगुनी हो जाये।

78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री रामवीर सिंह को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री शिवनारायण को सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री राम सिंह को गृह मंत्रालय भारत सरकार का अति उत्कृष्ट सेवा पदक, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह को गृह मंत्रालय भारत सरकार का उत्कृष्ट सेवा पदक, निरीक्षक श्री प्रभुनाथ यादव को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर, प्रभारी यातायात श्री शैलेंद्र सिंह को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर, आरक्षी रोहित सिंह सर्विलांस को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर, डायल 112 प्रभारी निरीक्षक श्री शंभू दयाल मौर्य को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उ0नि0 श्री गफूर खान थाना मानिकपुर को उत्कृष्ट

सेवा सम्मान चिन्ह, मुख्य आरक्षी श्री रामपाल सरोज को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, उ0नि0 सशस्त्र पुलिस श्री राकेश कुमार समाधिया को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, थाना राजापुर में नियुक्त आरक्षी श्री प्रकाश मिश्रा को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह पहनाकर अलंकृत/सम्मानित किया गया है। डायल 112 में अपनी सेवा दे रहे आरक्षी शिवम गुप्ता, आरक्षी हरिओम बोहरे, आरक्षी चंद्रकांत दीक्षित, होमगार्ड कमल प्रसाद, होमगार्ड सलीम खान, होमगार्ड लक्ष्मण प्रसाद को क्विक रिस्पांस टाइम के लिए, मुख्य आरक्षी महेंद्र सिंह, आरक्षी ऋषभ साहू, होमगार्ड ओमप्रकाश तिवारी को पीआरबी ऑफ़ द डे के लिए तथा कुशल मनोयोग से राजकीय कार्य संपादित करने के लिए आरओआईपी में नियुक्त आरक्षी रविकांत को 112 मुख्यालय लखनऊ से प्राप्त प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। फायर सर्विस में नियुक्त अनुचर श्री नशीम को महानिदेशक फायर सर्विस उ0प्र0 का रजत पदक तथा प्रभारी अग्नीशमन अधिकारी उ0नि0 श्री सतीश कुमार, लीडिंग फायरमैन श्री प्रमोद कुमार, फायरमैन श्री शिवदत्त बाजपेयी, फारमैन श्री रविन्द्र कुमार को महानिदेशक फायर सर्विस उ0प्र0 का प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस महापर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा मौजूद समस्त पुलिस कर्मियों को स्वयं मिष्ठान वितरण कर उत्साहित किया गया तत्पश्चात पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा अपने कर कमलों से पीपल का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह, प्रभारी डायल 112 श्री शम्भू दयाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस कार्यालय में ध्वजारोहण पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को सम्बोधित किया गया तथा सभी को मिष्ठाना वितरित किया गया। इसी महापर्व पर जनपद के समस्त थाना/चौकियों में थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया एवं सभी को मिष्ठान खिलाया गया।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 15.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट

वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(3).** आज दिनाँक 15.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में श्रवण मास के दौरान शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री पंकज तिवारी द्वारा धारा 138 एनआई एक्ट के वारण्टी अभियुक्त मिलन सिंह पुत्र राजेन्द्र निवासी चकरेही चौराहा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मुकेश परिहार, उ0नि0 यूटी0 श्री पवन चौधरी, आरक्षी दीपक कुमार द्वारा मु0अ0सं0 112/2024 धारा 363,366 भादवि0 के वांछित अभियुक्त विष्णु पुत्र छोटा निवासी सकरौंहा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में थाना रैपुरा पुलिस ने 02 अभियुक्तों के कब्जे से 83 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।
**(क).**उ0नि0 श्री राजेश कुमार थाना रैपुरा तथा उनके हमराही मुख्य आरक्षी राममूरत, आरक्षी नन्हे यादव, आरक्षी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अभियुक्त देवकुमार यादव पुत्र अच्छेलाल निवासी ग्राम बदौसा थाना बदौसा जनपद बांदा उम्र को 43 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रैपुरा में धारा 60 आबकारी अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
**(ख).** उ0नि0 श्री रामप्रीत सिंह थाना रैपुरा तथा उनके हमराही आरक्षी राममूरत, द्वारा अभियुक्त शिवकुमार पटेल पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम रैपुरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकू को 40 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रैपुरा में धारा 60 आबकारी अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(7).** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन पर्यटन तिराहा सीतापुर चित्रकूट से किया गया, जिसका समापन रामघाट निर्मोही अखाडा के पास हुआ। हर घर तिरंगा यात्रा में विभिन्न मठ / मन्दिरों के साधु सन्त, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह श्री अरूण कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री लव कुश चतुर्वेदी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी,उप जिलाधिकारी कर्वी श्री सौरभ यादव, डीसी मनरेगा श्री धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम श्री ओम प्रकाश मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी श्री लाल जी यादव,एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों सहित गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न विद्यालयों के

छात्र/छात्रांए सम्मिलित रहे, जिनके द्वारा पर्यटन तिराहा से रामघाट होते हुए निर्मोही अखाडा तक पैदल मार्च कर तिरंगा यात्रा निकालकर आमजनमानस में देश भक्ति की भावन जागृत की गयी।

**(8).** आज दिनाँक 15.08.2024 को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रतिसार निरक्षक श्री शिवनारायण के नेतृत्व में रामघाट सीतापुर पर बैण्ड पार्टी द्वारा राष्ट्रीय धुनों का वादन कर शहीदों को श्रद्धांजली दी गयी।

इस अवसर पर चौकी प्रभारी सीतापुर श्री अनिल कुमार गुप्ता,उ0नि0 एपी0 श्री राकेश समाधिया,उ0नि0 एपी श्री नंदलाल,आरक्षी अजय वर्मा एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।